प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और किसानों को समय पर दावों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन किया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले किसानों को भुगतान प्राप्त करने के लिए कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता था।यदि बीमा कंपनियां 21 दिनों के भीतर दावों का निपटान करने में विफल रहती हैं, तो उन्हें कृषि संबंधी दावों पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा। श्री चौहान ने बताया कि यदि राज्य सरकारें भी दावा प्रक्रिया में देरी करती हैं, तो उन्हें किसानों को 12 प्रतिशत ब्याज देना होगा। उन्होंने कहा कि किसान, दावा निपटान से संबंधित अपनी शिकायतों के लिए कृषि रक्षक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अब तक इस पोर्टल पर 2 लाख 71 हजार शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं और सरकार इस संबंध में जांच कर सख्त कार्रवाई कर रही है।

राजस्थान दिवस समारोह के तहत आज 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, युवाओं को समर्पित 485 करोड़ रुपये के कामों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राज्य सरकार की संस्थाओं त्ब।ज्ए त्ज्ञब्ब् और ्रैस्क्ब से एआई कोर्स, वेब डिजाइनिंग जैसी विधाओं में प्रशिक्षित 9 हजार 432 युवाओं को कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इसी प्रकार 403 स्टार्टअप्स को वायबिलिटी गैप का 1 हजार 145 लाख रुपये का फंड वितरित किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत पहले लाभार्थी को चैक भी सौंपा जाएगा। उधर राजस्थान दिवस समारोह के कार्यक्रमों की श्रंखला में भरतपुर में आज से एक जिला, एक उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में खाद तेल, शहद, अचार मुरब्बा आदि के साथ ही हस्तशिल्प से संबंधित उत्पादों की करीब 20 स्टॉल लगाई गई है। इस बीच राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, कला और संस्कृति से रूबरू होने के लिए 'राजस्थान को जानें' क्विज का आयोजन किया जा रहा है। आज से शुरू हुई इस क्विज में भाग लेने के लिए लोग ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है। क्विज पूरा करने पर राज्य सरकार राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से डिजिटल प्रमाण–पत्र दिया जायेगा। ये क्विज 19 मार्च तक चलेगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी के कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि एनसीबी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशामुक्त भारत के सपने को उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ा रही है। एनसीबी को देश के युवाओं को नशे से बचाने के लिए समर्पित एक प्रमुख एजेंसी बताते हुए श्री शाह ने कहा कि राष्ट्र उनके समर्पण और देशभक्ति को सलाम करता है।

राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान आज विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुला रहेगा। इसका उद्देश्य बुजुर्गों को उद्यान की सुंदरता का अनुभव कराना और उन्हें सामाजिक गतिविधियों में शामिल करना है। सरकार ने बताया है कि दर्शन को आसान और व्यवस्थित बनाने के लिए बुजुर्गों के लिए परिवहन और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को अमृत उद्यान के अलग–अलग हिस्सों को देखने का मौका मिलेगा।

उत्तराखंड सरकार ने इस वर्ष चारधाम यात्रा के लिए विशेष स्वास्थ्य प्रबंध किए हैं। यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की निगरानी उचित समय पर ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल के जरिए की जाएगी। ऐसे में उन्हें जरूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सीय सहायता दी जा सकती है।

प्रदेश में बीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। वहीं कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में भी 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई है। बीती रात फतेहपुर में सबसे कम 11 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं कुछ स्थानों पर पारा 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। आज कई जिलों में बादल छाये रहने से गर्मी का असर कम हो गया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार कल से पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई जिलों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश, आंधी और कुछ जगहों पर ओले गिरने की संभावना है। कल जोधपुर, बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं मेघगर्जन आंधी के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।